समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के स्वदेशी हथियारों की बढ़ी डिमांड, ब्राजील चाहता है आकाश मिसाइल सिस्टम, राजनाथ सिंह का बड़ा बयान।

Publisher
Published on 08 Jul 2025



## ब्राजील के साथ रक्षा सहयोग पर चल रही बातचीत, स्कॉर्पीन सबमरीन और एयर डिफेसं सिस्टम मे भारत को मिल सकती है बड़ी कामयाबी।

**India-Brazil Defence Coperation:** प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी की **ब्राजील यात्रा** के दौरान **आकाश मिसाइल सिस्टम** समेत रक्षा सौदों को लेकर अहम चर्चाएं हो रही हैं। **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** ने **ऑपरेशन सिंदूर** के बाद स्वदेशी हथियारों की **वैश्विक डिमांड** बढ़ने का दावा किया है। इससे ड्रैगन के **डिफेसं प्लान** को भारत बड़ा झटका दे सकता है।

**प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी** की **ब्राजील यात्रा (6-8 जुलाई 2025)** के दौरान भारत-ब्राजील के बीच रक्षा सहयोग पर चर्चा तेज हो गई है। इस बीच, **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** ने **दिल्ली मे डिफेसं अकाउंट्स** के एक अहम सम्मेलन में कहा कि **ऑपरेशन सिंदूर** के बाद भारत के स्वदेशी हथियारों की **ग्लोबल डिमांड** में इजाफा हुआ है।

राजनाथ सिंह ने कहा, "ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने स्वदेशी हथियारों की ताकत दिखाई, जिससे दुनियाभर में इनकी डिमांड बढ़ी है।" इस सम्मेलन में **सीडीएस जनरल अनिल चौहान**, तीनों सेनाओं के प्रमुख, **रक्षा सचिव** और **अन्य वरिष्ठ अधिकारी** मौजूद रहे।

### ब्राजील से आकाश मिसाइल डील पर चर्चा

**ब्राजील, भारत** के **आकाश एयर डिफेसं सिस्टम** खरीदने को लेकर बातचीत कर रहा है। हाल ही में **ऑपरेशन सिंदूर** में आकाश मिसाइल के प्रदर्शन के बाद ब्राजील का झुकाव भारत की ओर बढ़ा है। ब्राजील के **कमांडर जनरल थॉमस मिगुएल पाएवा** ने

अपनी सरकार से भारत से डील करने का प्रस्ताव रखा है।

ब्राजील के पास **शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम** तो है, लेकिन मीडियम और लॉन्ग रेंज के लिए वह भारत के **आकाश सिस्टम** को पसंद कर रहा है। चीन भी अपनी '**स्काई-ड्रैगन**' मिसाइल के जरिए इस सौदे की रेस में है, लेकिन **ऑपरेशन सिंदूर** के अनुभव के बाद भारत की संभावनाएं ज्यादा मजबूत दिख रही हैं।

### स्कॉर्पीन सबमरीन और एयरक्राफ्ट प्रोजेक्ट मे सांझेदारी

**भारत और ब्राजील स्कॉर्पीन क्लास सबमरीन** के निर्माण में भी सहयोग बढ़ा सकते हैं। भारत में **मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड (MDL)** फ्रांस के सहयोग से **6 स्कॉर्पीन सबमरीन** बना रहा है और 3 और बनाने का करार जल्द होगा। इसके अलावा **ब्राजील, भारतीय वायुसेना** के **मीडियम ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट** (MTA) प्रोजेक्ट में भी दिलचस्पी दिखा रहा है।

ब्राजील की **एम्ब्रेयर कंपनी** इस प्रोजेक्ट में अमेरिका की **लॉकहीड मार्टिन** और **यूरोप की एयरबस** के साथ भाग ले सकती है। इस प्रोजेक्ट से **भारतीय वायुसेना** के पुराने **AN-32** और **IL-76** विमानों की जगह आधुनिक ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट लाए जाएंगे।

### आर्मेनिया को भी दी जा चुकी है आकाश प्रणाली

भारत पहले ही **आर्मेनिया को आकाश मिसाइल सिस्टम** सप्लाई कर चुका है। **भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL)** ने इसमें **सर्विलांस रडार, गाइडेंस सिस्टम** और **ग्राउंड सपोर्ट इक्विपमेंट** शामिल किए थे।

### रक्षा बजट और पारदर्शिता पर फोकस

रक्षा मंत्री ने कहा कि देश का रक्षा बजट दुनिया के कई देशों की **GDP** से बड़ा है, इसलिए इसका सही इस्तेमाल जरूरी है। उन्होंने '**फेसलेस ट्रांजेक्शन**' यानी पूरी तरह पारदर्शी भुगतान प्रक्रिया पर जोर दिया ताकि सैनिकों को समय पर संसाधन मिल सकें और रक्षा खरीद में देरी न हो।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.